अमर उजाला 14/02/2026

विद्यार्थियों ने समझा प्रवासी जीवन का द्वंद्व

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने द नेमसेक फिल्म का प्रदर्शन किया। यह फिल्म एमए और बीए ऑनर्स के विद्यार्थियों के लिए थी। फिल्म प्रख्यात लेखिका झुम्पा लहिरी के उपन्यास पर आधारित रही। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रवासी जीवन के द्वंद्व को समझा।विद्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक व साहित्यिक समझ को पुख्ता करने के लिए फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से गोगोल गांगुली के जीवन, पहचान और भारतीय-अमेरिकी संस्कृतियों के टकराव को बारीकी से दिखाया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. ज्योति सौरोत ने उपन्यास के सामाजिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. अंशु चौधरी, डॉ. नीना और महक तलवार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। संवाद